मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-108
12/03/2024

प्रधानमंत्री द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की गई रेलवे की योजनाओं के शिलान्यास/राष्ट्र को समर्पण कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री

पटना, 12 मार्च 2024 :– प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की गई रेलवे से संबंधित योजनाओं के शिलान्यास/राष्ट्र को समर्पण कार्यक्रम में 1 अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' से मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार शामिल हुए।

प्रधानमंत्री ने गुजरात राज्य के अहमदाबाद से रिमोट द्वारा 85 हजार करोड़ रुपये से अधिक की रेल परियोजनाओं का शिलान्यास/राष्ट्र को समर्पित किया। इसके अंतर्गत पूर्व मध्य रेल की 13 हजार 228 करोड़ रुपये की परियोजनाएं शामिल हैं।

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 10 नई वंदे भारत ट्रेनों सहित अन्य रेल सेवाओं का भी हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम के तहत न्यू जलपाईगुड़ी से पटना के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस की शुरुआत की गई। इस ट्रेन का ठहराव कटिहार में भी होगा। पटना जंक्शन से लखनऊ के गोमती नगर के लिए भी एक वंदे भारत एक्सप्रेस का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम से जुड़े लोगों को संबोधित किया।

रेलवे से संबंधित योजनाओं के शिलान्यास/राष्ट्र को समर्पण कार्यक्रम की शुरुआत होने से पहले दानापुर मंडल के ए0डी०आर०एम० (इंफ्रा) श्री अनुपम कुमार चंदन ने मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार को हरित पौधा एवं अंगवस्त्र भेंटकर उनका स्वागत किया।

कार्यक्रम के दौरान रेलवे की परियोजनाओं पर आधारित एक लघु फिल्म की प्रस्तुति दी गई।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, मुख्यमंत्री सचिवालय के विशेष सचिव श्री चंद्रशेखर सिंह, दानापुर मंडल के ए0डी०आर०एम० (इंफ्रा) श्री अनुपम कुमार चंदन सहित रेलवे के अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

******